नानाजी सामाजिक बदलाव के महान साधक थे : डॉ. यादव

भोपाल, 25 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख केवल एक राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महान साधक थे. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ग्राम विकास-शिक्षा-स्वावलंबन के लिए समर्पित कर दिया और समाज सेवा के उद्देश्य को तप के साथ सिद्ध किया.

स्व. नानाजी देशमुख का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है. जब गांव मजबूत होंगे तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि के संदर्भ में चित्रकूट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को विधानसभा भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. स्व. नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि 27 फरवरी को है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट को भगवान श्री राम की तपोस्थली के साथ-साथ नानाजी देशमुख की कर्मस्थली होने का भी गौरव प्राप्त है. स्व. नानाजी देशमुख ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सपने को मूर्त रूप देने के संकल्प को, चित्रकूट से ही साकार करने का प्रण किया. इस उद्देश्य से ही ग्रामीण विश्वविद्यालय की स्थापना 1991 में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के रूप में की गई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में

नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर चित्रकूट में हो रहा 3 दिवसीय कार्यक्रम

सीएम दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए.

राज्य सरकार स्व. नानाजी देशमुख की शिक्षाओं के अनुरूप समाज और देश के संवर्धन तथा सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है.

दीनदयाल शोध संस्थान, ग्रामीण विकास के साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, स्वावलंबन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रहा है.

> राज्य सरकार विरासत के साथ विकास को ध्यान में रखते हुए गांवों को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है. चित्रकूट में स्थानीय सांसद गणेश सिंह, विश्वविद्यालय के कुलगुरू आलोक दुबे, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन तथा विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी उपस्थित थे.

हर किसान के खेत तक पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के सूखे खेतों में जब सिंचाई का पानी पहुंचता है तो मिट्टी सोना उगलती है. किसान कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए उनके खेतों में सिंचाई की भरपूर व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे वर्ष भर फसलें ले सकें. सिंचाई का रकबा बढ़ाने और हर खेत किसान के खेत तक पानी पहुंचाने के लिये मध्यप्रदेश के बजट 2026-27 में जल प्रदाय योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये है. प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचित रकबे में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है. शीघ्र ही प्रदेश में सिंचाई के रकबे को 100 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा.

नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

पन्ना. मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है. थाना कोतवाली पन्ना से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामचन्द्र निवासी पन्ना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि भोपाल निवासी गिरीश पाल ने शासकीय नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर उसे विश्वास में लिया और अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन तथा नगद माध्यम से कुल छह लाख रुपये प्राप्त कर लिए. रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली थाना पन्ना में अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया.

मध्यप्रदेश में अचानक बदला मौसम

आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित

20 से अधिक जिलों में आंधी बारिश और ओलावृष्टि

भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश में पिछले दो दिनों में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहा. प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में ऊपरी हवा में बने चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से तेज आंधी, बारिश और कई जगह ओलावृष्टि दर्ज की गई.

इन घटनाओं का असर खासकर गेहूं और चने की तैयार होती फसलों पर पड़ा, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई.



छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, रतलाम, उज्जैन, बालाघाट, खंडवा, सीहोर, रायसेन, इंदौर, अनूपपुर और डिंडौरी में अचानक मौसम बदल गया. कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश हुई तो कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से खेतों में फसलें प्रभावित हुईं. इससे पहले, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी और सिंगरौली में हल्की वर्षा दर्ज की गई.

> शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर, सीधी और सिंगरौली में ओलावृष्टि ने अधिक नुकसान पहुँचाया. जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में वर्षा हुई, जबकि बाकी सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा. पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान अधिकांश संभागों में सामान्य से 1.9ए डिग्री से 2.7ए डिग्री तक अधिक रहा. न्यूनतम तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में 2.1ए डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई, जबकि अन्य जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7ए डिग्री से 1.8ए डिग्री अधिक रहा. सिनॉप्टिक परिस्थितियों के अनुसार अरब सागर के उत्तर-पूर्वी भाग और गुजरात तट से दूर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण 1.5 से 3.1 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है.

भाजपा विधायक उमाकांत ने अपनी ही सरकार को घेरा

भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश विधानसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक ने अवैध वन कटाई को लेकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया.

प्रश्नकाल के दौरान सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में अवैध वन कटाई का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि लटेरी में वन माफिया वन भूमि पर कब्जा कर रहा है, अतिक्रमण नहीं हट रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि एक वनरक्षक और अतिक्रमणकर्ता के बीच चर्चा का ऑडियो वायरल हो रहा है, वनकर्मी अतिक्रमण करने वालों



को बचा रहे हैं. शर्मा ने मांग की कि एक तरफ सरकार पेड़ लगाने को प्रोत्साहन दे रही है, वहीं दूसरी ओर एक वनकर्मी ही पेड़ कटवा रहा है. उन्होंने वनकर्मी को हटाने की मांग की. इस पर मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है.

इंदौर के भागीरथपुरा में 36 वीं मौत

54 वर्षीय व्यक्ति का निधन

स्वास्थ्य विभाग ने नहीं की आधिकारिक पुष्टि

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में 58 वर्षीय रामनरेश यादव की मृत्यु के बाद परिजनों ने दूषित पानी को जिम्मेदार ठहराया है. दूषित पानी से मरने वालों की संख्या अब तक 36 पहुंच गई है.

हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. जानकारी के अनुसार रामनरेश यादव पिछले करीब दो सप्ताह से अस्वस्थ थे और निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती थे. उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उनका निधन हो गया.

परिजन प्रेरणा यादव ने नव भारत से चर्चा में दावा किया कि क्षेत्र में लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे उनके पिता गंभीर रूप से बीमार पड़े. उनका कहना है कि संक्रमण पूरे शरीर में फैल गया था, जिससे लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा और अंगों ने काम करना बंद कर दिया.

स्थानीय रहवासियों का भी आरोप है कि पिछले लगभग एक महीने से क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या बनी हुई है और कई लोग बीमार हो रहे हैं. इधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि संबंधित मृत्यु को दूषित पानी से सीधे जोड़कर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. मामले की जांच और चिकित्सकीय रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा.

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर से 152 किलो गांजा जब्त

नरसिंहपुर. मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर से 152 किलो गांजा जप्त किया है. पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना ने आज बताया कि राजनांदगांव छत्तीसगढ से झांसी उत्तरप्रदेश पिकअप वाहन से 152 किलो गांजा ले जाते हुए घेराबंदी करके चालक रोहित सिंह निवासी ग्वालियर को गिरफ्तार किया गया है. एसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर नाकेबंदी करके पकडा गया. इस वाहन में खाली कैरेट भरे हुए थे. उसमें चालाकी के साथ बोरियों में गांजा भरा हुआ था. गांजा के साथ छत्तीसगढ़ के नंबर वाली पिकअप को भी जप्त कर लिया गया है.

सड़कों पर घूम रहे 10 लाख निराश्रित पशु

निराश्रित पशुओं का मामला सदन में ध्यानाकर्षण में उठा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 25 फरवरी. प्रदेश में सड़कों पर घूमते निराश्रित पशुओं का मामला बुधवार को सदन में प्रमुखता से उठा. विपक्ष के सदस्य अजय सिंह ने ये मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया, जिस पर विपक्ष के साथ ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया.

इस दौरान अजय सिंह ने कहा कि सरकार पशुपालन डेयरी विभाग पर करोड़ रुपए खर्च कर रही है, उसके बाद भी 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे हैं. फसलें नष्ट हो रही है, नेशनल हाईवे पर चलना मुश्किल है,

लगातार दुर्घटनाएं हो रही है. उन्होंने निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में स्थानांतरित करने और नए हाईटेक गौशालाओं का निर्माण तेजी से करने की मांग की.

इस पर जवाब देते हुए पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने बताया कि प्रदेश में लगातार आवास पशुओं को पकड़कर सार्वजनिक स्थानों और प्रखुम मार्गों से हटाया जा रहा है. प्रदेश में 3040 गौशालाएं संचालित है. इनमें सीएम गौसेवा योजना के तहत 2325, 705 अशासकीय और 12 गौशालाएं नगरीय निकायों द्वारा संचालित की जा र ही है.

> उन्होंने ये भी बताया कि एनएचएआई ने सड़कों पर स्ट्रे कैटन के एकत्रित होने वाले स्थानों की मैपिंग पूरी कर ली है. ऐसे स्थानों पर आईआरसी के मानकों के मुताबिक साईन बोर्ड स्थापित किए गए हैं, 64 पेट्रोलिंग वाहनों की भी व्यवस्था की गई है. पटेल ने ये भी बताया कि प्रदेश के 25 जिलों के 29 स्थलों पर विभाग को जमीन आवंटित की गई है.

बांधवगढ़ में हुई आठ टाइगर की मौत

जबलपुर 25 फरवरी. हाईकोर्ट के निर्देश पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर की तरफ से टाइगरों की मौत के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेश की गयी। रिपोर्ट में बताया गया कि विगत 21 नवम्बर से 2 फरवरी तक कुल आठ टाइगरों की मौत हुई है। जिसमें चार टाइगरों की

हाईकोर्ट में फील्ड डायरेक्टर ने पेश की स्टेटस रिपोर्ट

मौत प्राकृतिक थी तथा चार टाइगरों की मौत करंट के कारण हुई थी।

करंट लगने की सभी घटना सामान्य वन्य क्षेत्र में घटित हुई है। युगलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को स्टेट्स रिपोर्ट पर जवाब पेश करने के निर्देश जारी करते हुए अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की गयी है। स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व दो टाइगर की मौत आपसी संघर्ष के कारण हुई तथा एक-एक टाइगर की मौत कुएं में डूबने तथा प्राकृतिक बीमारी से हुई है। कोर व बफर क्षेत्र में स्थित विद्युत लाइन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि टाइगर रिजर्व के संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली लाइन की सुदृढीकरण व वन्यजीव सुरक्षा मानकों के पालन हेतु विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को समय-समय पर पत्र लिखे गये है। इसके अलावा रिपोर्ट में पेट्रोलिंग व रात्रिकालीन गश्त के संबंध में भी जानकारी पेश की गयी। सरकार की तरफ से मुख्य याचिका पर भी जवाब पेश किया गया।

कागजों में सड़क पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

कागजों में सड़क बनाकर भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सड़क नहीं होने के कारण गांव वासियों को आवाजाही में परेशानी होती है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदक को हलफनामा में जबाव पेश करने के आदेश जारी किये है।

कांग्रेस आज आयोजित करेगी बौद्धिक परिचर्चा

भोपाल. मध्यप्रदेश कांग्रेस विचार विभाग द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा. विचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का विषय 'गांधी के राम और भाजपा के नाथूराम' रखा गया है. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं चिंतक पंकज चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने विचार व्यक्त करेंगे. भूपेन्द्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना सत्तारूढ़ दल की वैचारिक दिशा में परिवर्तन को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए लाभकारी रही योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं.उन्होंने बताया कि परिचर्चा का उद्देश्य गांधीवादी मूल्यों, देश की वैचारिक दिशा, ग्रामीण रोजगार और सामाजिक सौहार्द से जुड़े मुद्दों पर गंभीर मंथन करना है. कार्यक्रम में प्रदेशभर से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी वर्ग के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है.

4 लाख 42 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

07 मार्च तक होगा पंजीयन

भोपाल, 25 फरवरी. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये अब तक 4 लाख 42 हजार 288 किसानों ने पंजीयन करा लिया है.

किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं. उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें. उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है. कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं. केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है. मंत्री राजपूत ने बताया कि अभी तक इंदौर संभाग में 54 हजार 587, उज्जैन में एक लाख 48 हजार 905, ग्वालियर में 9695, चम्बल में 4692, जबलपुर में 39 हजार 885, नर्मदापुरम में 34 हजार 181, भोपाल में एक लाख 9 हजार 134, रीवा में 13 हजार 260, शहडोल में 2551 और सागर में 25 हजार 398 किसानों ने पंजीयन कराया है. पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है.

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है. खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया है कि विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं. गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं.

होली पर भोपाल से चलेगी 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

भोपाल, 25 फरवरी. होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री दबाव को देखते हुए भारतीय रेल के भोपाल मंडल द्वारा 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. यात्री इन ट्रेनों में आरक्षण किसी भी कंप्यूटरीकृत केंद्र या आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से करा सकते हैं.

पहली स्पेशल ट्रेन 02192/ 02191 रीवा-रानी कमलापति रेलवे स्टेशन-रीवा के बीच 28 फरवरी 2026 को एक-एक फेरा लगाएगी. रीवा से ट्रेन दोपहर 12:30 बजे चलकर रात 9:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी, जबकि वापसी में रात 10:15 बजे प्रस्थान कर सुबह 7:30 बजे रीवा पहुंचेगी. दूसरी ट्रेन 02186/ 02185 इसी मार्ग पर 2 व 3 मार्च 2026 को दो-दो ट्रिप करेगी, समय वही रहेगा. तीसरी ट्रेन 01704/01703 भोपाल-रीवा-भोपाल के बीच 5 मार्च 2026 को चलेगी. चौथी ट्रेन 01667/ 01668 रानी कमलापति-दानापुर रेलवे स्टेशन-रानी कमलापति के बीच 27 फरवरी व 2 मार्च (आना) तथा 28 फरवरी व 3 मार्च (जाना) को संचालित होगी. यात्री ट्रेन ठहराव व अन्य जानकारी के लिए स्टेशन, रेल मदद 139 या ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर सकते हैं.

जीएम ने संरक्षा बुकलेट का विमोचन और संरक्षा ऐप/वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

भोपाल. पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा मुख्यालय के संरक्षा विभाग के द्वारा प्रकाशित संरक्षा दर्शन (38 संस्करण) एवं रेलवे बोर्ड द्वारा संरक्षा में अभिवृद्धि हेतु जारी किये गए दिशा निर्देश का संकलन संस्करण-03 बुकलेट का विमोचन किया गया. संरक्षा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा प्रकाशित संरक्षा दर्शन (38वां संस्करण) एवं रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी संरक्षा निर्देशों के संकलन (तीसरा संस्करण) कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संरक्षा संबंधी नियमों, एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट एवं व्यवस्थित जानकारी प्रदान करेंगे. इसके साथ ही, जबलपुर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा विकसित संरक्षा ऐप/वेब पोर्टल का शुभारम्भ भी महाप्रबंधक श्रीमति बंदोपाध्याय द्वारा किया गया. यह प्लेटफॉर्म संरक्षा से जुड़ी सूचनाओं, दिशा-निर्देशों एवं संदर्भ सामग्री को त्वरित एवं सरल रूप में उपलब्ध कराने में सहायक होगा. महाप्रबंधक ने इस अवसर पर कहा कि संरक्षा पत्रिकाओं का नियमित अद्यतन एवं डिजिटल तकनीक का प्रभावी उपयोग, सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सभी संरक्षा मानकों के प्रति सतत सजगता एवं प्रतिबद्धता बनाए रखने का आह्वान किया.

अधिवक्ता नोटिस सूचना

जय कुमार सोनी तनय केशव प्रसाद सोनी भल्ला डेरी फार्म रोड नई बस्ती रघुराजनगर जिला सतना

..नोटिस दाता

विजय कुशवाहा तनय रामसिया कुशवाहा ग्राम पोस्ट मड़ाई जिला/तहसील मैहर सतना मध्य प्रदेश

..नोटिस ग्रहीता

मेरे पक्षकार नोटिशदाता का आपसी संबंध अच्छे होने के आधार पर नोटिश ग्रहीता को एक लाख रूपये दिए थे उसके एवज में नोटिश ग्रहीता ने चेक क्रमांक 140447 का चेक प्रदान किया गया समय व्यतीत होने के पश्चात चेक को अपने बैंक में लगाने से चेक बाउंस हो गया उस वजह से जरिए अधिवक्ता आलोक अग्निहोत्री द्वारा नोटिश दी गई जिसमें यह टीप लगके वापस आई की नोटिश ग्रहीता अनिश्चित काल के लिए घर से बाहर गए हुए है उक्त सूचनार्थ हेतु यह सूचना जरिए पेपर प्रकाशन के माध्यम से नोटिश ग्रहीता को दी जा रही है की मेरे पक्षकार का एक लाख रूपये वापस कर दे व न देने की दशा में कानूनी कार्यवाही हेतु मेरा पक्षकार अग्रसरित होगा।

आलोक अग्निहोत्री, एडवोकेट सतना

नाम सुधार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं-साहिल कुशवाहा पिता कुन्जलाल कुशवाहा उम्र 23 वर्ष, निवासी नवजीवन विहार से. नं. 2 थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ:- मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। INDRAVATI KUSHWAHA मेरी माता है जिनका मैं पुत्र हूँ। मेरे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई की अंकसूची में माता का नाम-REETU KUSHWAHA लेख हो गया है जो गलत है जबकि मेरे व मेरी माता के समस्त रिकार्ड में नाम-INDRAVATI KUSHWAHA लेख है जो सही व सत्य है। मैं अपने शैक्षणिक रिकार्ड में माता का नाम-REETU KUSHWAHA के स्थान पर सही नाम-INDRAVATI KUSHWAHA सुधार कराना चाहता हूँ। यह शपथ पत्र शैक्षणिक रिकार्ड में माता का नाम सुधार कराये जाने हेतु निष्पादित करा रहा हूँ।

शपथकर्ता

शिकायत | सहारा समूह के खिलाफ नौ लाख से अधिक शिकायती आवेदन प्राप्त हुए

सहारा समूह पर 6,500 करोड़ गबन का आरोप

भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश में सहारा समूह के खिलाफ राज्य सरकार को लगभग नौ लाख से अधिक शिकायती आवेदन प्राप्त हुए, जिसके तहत कुल लगभग 6 हजार 6 सौ 89 करोड़ रुपए की राशि के गबन का मामला सामने आया.

विधानसभा में आज राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ओर से गृह विभाग से जुड़ी ये जानकारी दी. वे कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे.

उन्होंने कहा कि सहारा समूह के मध्यप्रदेश के निवेशकों से जुड़े कुल 9 लाख 6 हजार 661 आवेदन सामने आए. इसमें से लगभग 7.5 लाख निवेशकों के आवेदन का निराकरण सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार हो गया है. इसमें कुल राशि रुपए 6 हजार 6 सौ 89 करोड़ निवेशकों की थी. सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा रिफंड पोर्टल बनाया है, उसके माध्यम से 3 सौ 55 करोड़ रुपए की राशि छोटे निवेशकों में वितरित की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2024 के बाद से इस समूह के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज हुई हैं. इसके अलावा भी जितनी एफआईआर हैं, उन सभी को मुरैना कोतवाली में मर्ज करके वहीं आगे की विवेचना कार्रवाई की जा रही है.

> हालांकि इस जवाब के पूर्व प्रश्नकर्ता विधायक सिंह ने कहा कि समूचे राज्य में इस प्रकार की 123 एफआईआर दर्ज हैं. उन्होंने सरकार से ये भी पूछा कि सहारा समूह की राज्य में कितनी संपत्ति है और क्या इस संपत्ति की नीलामी के माध्यम से निवेशकों की राशि लौटाने की सरकार की कोई योजना है. इस पर मंत्री पटेल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में रिफंड की सारी कार्यवाही चल रही है. समूह की अनेक संपत्तियां न्यायालय के आदेश पर अटैच भी की गई हैं. यह अब राज्य पुलिस की सीमा से बाहर का विषय है.

हाथियों के आतंक पर अजय ने जताई चिंता

विशेष संवाददाता

भोपाल, 25 फरवरी. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी जिले में हाथियों के आतंक और हालिया ओलावृष्टि से हुई तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त की है.

उन्होंने कहा कि इस आपदा से गरीब किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं और कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है. उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की है. अजय सिंह ने कलेक्टर से अपेक्षा की है कि वे स्वयं व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रभावित गांवों का दौरा करें और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर वास्तविक स्थिति का आकलन

करें. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान को समय रहते प्रभावी कदम उठाकर टाला जा सकता है. वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि जब पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से हाथी सीधी जिले में प्रवेश कर रहे थे, तब विभाग ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया.

> उन्होंने यह भी कहा कि हाथियों से बिजली के खंभों और तारों को संभावित नुकसान को देखते हुए विद्युत आपूर्ति बंद की जा रही है, जिससे परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सैकड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है. अजय सिंह ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक से अपील की है कि वे सीधी और सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के वन अधिकारियों से समन्वय कर वस्तुस्थिति की जानकारी लें तथा हाथियों को उनके मूल स्थान पर वापस भेजने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं, ताकि आगे और नुकसान रोका जा सके.